myVirtualCare Portal

रोगियों और देखभालकर्ताओं के लिए यूज़र गाइड (उपभोक्ता संदर्शिका)

User guide for patients and carers **Hindi**

myVirtualCare को एक्सेस करना

सलाह-मशविरे में जुड़ने के लिए आपको एक लिंक दिया जाएगा। एक अनुकूल ब्राउज़र खोलें (नीचे TIP देखें), फिर अपनी एपॉइंटमेंट में जुड़ने के लिए लिंक फोलो करें और चरणों का अनुसरण करें।

1. अपने विवरण भरें और ड्रापडाउन सूची का प्रयोग करके अपनी भूमिका बतलायें।
2. **Next (नेक्सट)** बटन क्लिक करें।





सुझाव

myVirtualCare पर एक सफल कनेक्शन आपकी इंटरनेट स्पीड, आपके उपकरण और ब्राउज़र पर निर्भर करता है। कम से कम 1Mbps अपलोड और डाउनलोड स्पीड की आवश्यकता होती है। आप www.speedtest.net पर अपनी कनेक्शन स्पीड की जांच कर सकते/सकती हैं और www.whatismybrowser.com पर यह पता लगाएँ कि आपका ब्राउज़र कौन सा है।

सिस्टम संबंधी और अधिक आवश्यकता जानकारी www.aci.health.nsw.gov.au/__data/assets/pdf_file/0018/630252/MyVirtualCare-Recommended-System-Requirements.pdf

15 मिनट की वीडियो कॉल के लिए करीब 80MB और केवल ऑडियो कॉल के लिए 10MB डाटा प्रयोग होता है।

ब्राउज़र अनुकूलता

	Apple Safari वर्ज़न 11.1 या इसके आगे का वर्ज़न
	Google Chrome वर्ज़न 80+
	Mozilla Firefox वर्ज़न 60+
	Microsoft Edge वर्ज़न 80+

ऑडियो और वीडियो टेस्ट

आपको सलाह-मशविरे में जुड़ने से पहले अपने आप से अपने ऑडियो और वीडियो उपकरणों को टेस्ट करने के लिए कहा (प्राम्पट) किया जाएगा।

1. **Audio Settings** ड्रापडाउन से अपना पसंदीदा माइक्रोफोन चुनें।
2. **Test Microphone** बटन क्लिक करें, कुछ बोलें और इसे आपको वापिस सुनाया जाएगा।
3. **Video Settings** ड्रापडाउन सूची से अपना पसंदीदा **Camera** चुनें, और फिर **Test Video** बटन पर क्लिक करें।
4. आपको अपने कैमरे से वीडियो स्क्रीन पर आता दिखाई देना चाहिए।
5. प्रक्रिया पूरी होने के बाद, **Next** बटन पर क्लिक करें।
6. अपनी ऑडियो और वीडियो क्वालिटी को दर्जा दें और **Finish (फिनिश)** बटन पर क्लिक करें। आपका क्लिनिक पेशेवर आपके उपकरण के टेस्ट परिणाम देखेगा। यदि कनेक्ट करने में आपको कोई तकनीकी समस्याएँ आती हैं तो कृपया अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।



NSW GOVERNMENT | Health

ACI/D21/550 | ACI 0351 [03/21]

7. अपना एपॉइंटमेंट समय भरें और पूछे (प्राम्पट किए) जाने पर, अपने क्लिनिक पेशेवर का चयन करें।

   देखभालकर्ताओं से कुछ अतिरिक्त सवाल पूछे जाएँगे।



8. लॉग इन करने के बाद आपको एक वर्चुअल प्रतीक्षा कक्ष में भेजा जाएगा। प्रवेश करने पर, आपके क्लिनिक पेशेवर को एक अधिसूचना भेजी जाएगी ताकि उन्हें यह सूचित किया जाए कि आप प्रतीक्षा कर रहे/रही हैं।

सलाह-मशविरे से जुड़े कॉल कंट्रोल्स

ये कॉल कंट्रोल्स विंडो के निचले भाग पर खुद से छिप जाएँगे और फिर आपके द्वारा स्क्रीन एक्टिवेट करने (माउस हिलाने/स्क्रीन टच करने) पर दोबारा सामने आ जाएँगे।

माइक्रोफोन

जब आप बोल न रहे/रही हों तो आप माइक्रोफोन म्यूट कर सकते/सकती हैं।

चैट

आप **Chat Window** पर टाइप करके और अपने कीबोर्ड पर **Enter** दबा कर. या **Send (सेन्ड)** आइकन क्लिक करके चैट कर सकते/सकती हैं।

आप चैट विंडो के माध्यम से दस्तावेज़ और फोटो भी संलग्न कर सकते/सकती हैं।

1. **Paper clip** आइकन पर क्लिक करें।
2. **Choose file to upload** बटन पर क्लिक करें और फिर **Finish** बटन पर क्लिक करें।

सलाह-मशविरा समाप्त करना

जब आपकी एपॉइंटमेंट समाप्त हो जाए, तो अपनी वीडियो स्क्रीन के निचले भाग पर **Call Control** बॉर में टेलीफोन बटन पर क्लिक करें।

1. **Yes** बटन पर क्लिक करें।

अपने सलाह-मशविरे के बाद आपको एक छोटा सर्वेक्षण पूरा करने के लिए कहा जाएगा। आपके अनुभव के बारे में हम आपकी फीडबैक की सराहना करते हैं।

सलाह-मशविरे का लिंक

क्लिनिक का नाम

क्लिनिक का संपर्क नम्बर

NSW GOVERNMENT | Health